खतरा | पोंडा स्कूल में बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

जर्जर शाला भवन में शिक्षा लेने को मजबूर नौनिहाल

सिहोरा, नवभारत। पोंडा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। पहली से आठवीं कक्षा तक के सैकड़ों बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन स्कूल भवन की जर्जर हालत उनके भविष्य के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी बड़ा खतरा बन चुकी है। मजबूरी में एवं खतरे के बीच शिक्षा ग्रहण करने साथ विविश हैं।

स्कूल की कक्षाओं की छत कई जगहों से उखड़ चुकी है, जिससे कभी भी प्लास्टर गिरने का खतरा बना रहता है। दीवारों पर गहरी दरारें और सीलन साफ नजर आती हैं, वहीं खिड़कियां और दरवाजे भी टूट-फूट की हालत में हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है कमरों में पानी टपकता है और बच्चों को पढ़ाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीण कई बार कर चुके हैं शिकायत

स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे?

छात्रों के सिर पर मंडरा रहा खतरा

बताया जाता है कि जर्जर भवन में चल रही कक्षाओं में छात्रों के सिर पर हर समय खतरा मंडराता रहता है, वहीं बारिश में छत से गिरता प्लास्टर से हादसे का खतरा बढ़ रहा है। इसके साथ ही बारिश में छतों से पानी टपकता रहता है। जिससे छात्र पढ़ाई छोड़कर अपने को बचाने के प्रयास में ही समय गंवा देते हैं और उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है

अभिभावकों ने प्रशासन से की शीघ्र सुधार की मांग

इस संबंध में ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्कूल भवन की मरम्मत या नए भवन निर्माण की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा मिल सके।

इनका कहना है

कई बार ग्रामवासियों ने शिकायत की लेकिन हर बार नया बहाना बना दिया जाता है।

अमित तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री ब्लाक कांग्रेस पोंडा

शुरूआती बौछारों ने ही बिगाड़ी मझौली नगर की सूरत

मझौली, नवभारत। बारिश अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई और नगर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र व रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। इस बदहाली ने जल निकासी को लेकर नगर परिषद द्वारा किए गए तमाम दावों और तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है।

शुरुआती बारिश होते ही नगर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण इलाके पानी-पानी हो गए। जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण निम्नलिखित स्थानों पर सबसे बदतर हालात देखने को मिले कटंगी रोड (विधायक भवन के सामने): यहाँ सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। पोला रोड और सिहोरा रोड: ये मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गए। नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर हिलोरे मार रहा है। बताया जाता है कि व्यापार के इस मुख्य केंद्र में पानी भरने से सब्जी विक्रेताओं और दुकानदारों का सामान भीग गया। मंडी में आए खरीदारों को गंदे पानी और कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण नालियों का बदबूदार पानी ओवरफ्लो होकर सीधे लोगों के घरों और व्यापारियों की दुकानों के भीतर तक घुस गया। जति मार्केट और सब्जी मंडी के व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। जब चंद मिनटों की शुरुआती बारिश में विधायक भवन के सामने से लेकर मुख्य बाजारों का यह हाल है, तो आने वाले दिनों में जब झमाझम बारिश होगी, तब मझौली की स्थिति कितनी बदतर होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि हर साल बारिश से पहले नालों की सफाई के नाम पर सिर्फ कागजी औपचारिकता पूरी की जाती है।

संस्कार सिटी में पौधा रोपकर दिया हरियाली का संदेश

नवभारत, बेलखाडू। पर्यावरण संरक्षण और गांव को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ संस्कार सिटी सूरतलाई में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। जिसमें नीरज सिंह परिहार, इन्द्र सिंह राजपूत शिक्षक, निशांत सिंह परिहार, प्रशांत सिंह परिहार के द्वारा आम, कटहल, नींबू, मुनगा और शहतूत के आठ पौधे रोपे गए। स्थानीय जनों ने इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। पौधारोपण हेतु पौधे इन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा नि:शुल्क प्रदान किये गये।

मझौली बाईपास राहगीरों के लिए बना हादसों का हॉटस्पॉट

जान खतरे में डालकर कनाड़ी नदी तक रास्ता तय कर रहे राहगीर

सिहोरा, नवभारत। मझौली बाईपास से लेकर कनाड़ी नदी तक का सड़क मार्ग इन दिनों लोगों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बन चुका है। सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि यहां से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। जगह-जगह उखड़ी सड़क, ऊबड़-खाबड़ सतह और असमान लेवल के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। बारिश के बाद सड़क की हालत और भी बिगड़ जाती है, जिससे फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

पानी भरने से और बढ़ रहा खतरा

सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ी हुई है, पुराने और नए निर्माण के बीच खतरनाक ऊंचाई का अंतर होने से पानी भरने से फिसलन और दृश्यता में कमी का भी अभाव होता है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के चेतावनी संकेत या बैरिकेड्स का भी नहीं लगाए गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कई बार इस सड़क के सुधार की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं किया गया, तो यहां किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

आमजनों ने की शीघ्र सुधार की मांग

आमजनों का कहना है कि मार्ग की सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए इसके साथ ही इसे समतलीकरण कर डामर की नई परत डाली जाए, एवं पूर्व में हुए सड़क निर्माण की जांच की जाए क्योंकि मझौली बाईपास से कनाड़ी नदी तक का यह मार्ग अब आम रास्ता नहीं, बल्कि 'खतरे का रास्ता' बन चुका है। प्रशासन की लापरवाही कहीं किसी बड़ी दुर्घटना का कारण न बन जाए, इससे पहले जरूरी है कि जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दिया जाए।

एक नजर में

ग्वालियर-रीवा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर, नवभारत। रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्येश्य से रेल प्रशासन द्वारा 04191/04192 ग्वालियर-रीवा-ग्वालियर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन ग्वालियर से 08 जुलाई से 25 नवम्बर तक (22 जुलाई को एक ट्रिप छोड़कर) तथा रीवा से भी 08 जुलाई से 25 नवम्बर तक बीस-बीस ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 04191 ग्वालियर-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को ग्वालियर से सुबह 07:40 बजे प्रस्थान कर, डबरा 08:12 बजे, दतिया 08:38 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 09:10 बजे, निवाड़ी 09:49 बजे, मऊ रानीपुर 10:16 बजे, हरपालपुर 10:36 बजे, महोबा जंक्शन 11:23 बजे, बाँदा जंक्शन 12:35 बजे, अतर्रा 13:18 बजे, चित्रकूटधाम कर्वी 14:15 बजे, टिकरिया 16:50 बजे, मझगवाँ 17:20 बजे, जैतवार 17:58 बजे, कैमा जंक्शन 18:30 बजे आगमन कर उसी दिन शाम को रीवा 19:40 बजे पहुँचेगी। वही गाड़ी संख्या रीवा-ग्वालियर साप्ताहिक प्रत्येक बुधवार को रीवा से रात 21:00 बजे प्रस्थान कर कैमा जंक्शन 21:50 बजे, जैतवार 22:38 बजे, मझगवाँ 23:03 बजे, टिकरिया 23:23 बजे, पहुँचकर दूसरे दिन चित्रकूटधाम कर्वी मध्यरात्रि 00:38 बजे, अतर्रा 01:15 बजे, बाँदा जंक्शन 02:15 बजे, महोबा जंक्शन 03:30 बजे, हरपालपुर 04:20 बजे, मऊ रानीपुर 04:43 बजे, निवाड़ी 05:23 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 07:00 बजे, दतिया 07:40 बजे, डबरा 08:05 बजे, पहुँचकर गुरुवार को ग्वालियर 09:40 बजे पहुँचेगी।

श्रेया कुररिया का निधन

सिहोरा। वार्ड नंबर 8, ब्रह्माण पुरा निवासी श्रेया कुररिया का 27 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे सुधीर कुरारिया की पुत्री एवं श्रेयांस व सृजल कुररिया की बहन थी अंतिम संस्कार आज मंगलवार को सुबह 10 बजे बाबाताल स्थित मुक्ति धाम में होगा।

मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रखा दो घंटे का उपवास

अयोध्या के श्री राम मंदिर में चोरी और गड़बड़ी के मामले ने पकड़ा तूल

मझौली, नवभारत। अयोध्या के श्री राम मंदिर में चोरी और गड़बड़ी के मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर आज मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घंटे का मौन, उपवास कार्यक्रम रखकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस मझौली के पूर्व अध्यक्ष आशीष पटेल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब राम मंदिर निर्माण का ऐतिहासिक फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिया गया था, तो मंदिर ट्रस्ट के गठन से लेकर उद्घाटन तक के तमाम कार्यक्रमों को सरकार ने अपने नियंत्रण में क्यों रखा? सरकार ने इस पूरे पवित्र धार्मिक आयोजन को पूरी तरह से एक राजनीतिक कार्यक्रम में तब्दील कर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि यदि सारे अधिकार सरकार ने अपने अधीन रखे थे, तो मंदिर में हुई इस कथित चोरी की पूरी जिम्मेदारी भी केंद्र की भाजपा सरकार की है। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार इस मामले पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करे और देश की जनता से माफी मांगे।

मझौली में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन और उपवास कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से अम्बर सिंह राजपूत (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी), अर्चना मुन्ना लाल दहिया (महिला कांग्रेस नरसिंहपुर प्रभारी) राजेश तिवारी 'गुरु' (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), सुरेश मांझी (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), ब्रजेश तिवारी (वरिष्ठ नेता) रिंकू सिंह (मंडलम अध्यक्ष) नारायण लोधी एवं आजाद सोनी, बबलू खान (पार्षद) संजय सेंगर एवं प्रवीण महाराज, विकास झारिया (सोशल मीडिया प्रभारी, मझौली) प्रेमलाल साहू (वरिष्ठ नेता) शामिल रहे।

उपवास कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस नेताओं ने साफ रुख अपनाते हुए कहा कि आस्था के केंद्र प्रभु श्री राम के मंदिर में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सरकार ने इस मामले में जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस इस आंदोलन को और उग्र करेगी।

मझौली में मुस्लिम समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

केस दर्ज कर महाराष्ट्र भेजने की मांग

मझौली, नवभारत। सोशल मीडिया पर मुस्लिम समुदाय के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है।

इस घटना से आक्रोशित मझौली के समस्त मुस्लिम समाज के नागरिकों ने एकजुट होकर थाना परिषद मझौली पहुंचकर थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

सोशल मीडिया पर लगातार टिप्पणी करने का आरोप

थाना प्रभारी को सौंपे गए शिकायती आवेदन के अनुसार, महाराष्ट्र के भिवंडी (जिला ठाणे, शांतिनगर) की निवासी नाजिया इलाही खान नामक महिला द्वारा पिछले कुछ समय (दिनांक 19 जून 2026 से लगातार) से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक पर पैगंबर मोहम्मद साहब के ऊपर अत्यधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त महिला द्वारा जानबूझकर सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी भड़काऊ और अमर्यादित बातें साझा की जा रही हैं, जिससे संपूर्ण मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं अत्यधिक आहत हुई हैं और समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। मझौली पुलिस को दिए गए आवेदन में मांग की गई है कि आरोपी महिला का यह कृत्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम छतरपुर तहसील पनागर, जिला-जबलपुर के खसरा क्र. 509 एवं 510 कुल रकवा 3.00 हेक्ट. क्षेत्र पर खनिज लेटराइट हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति श्री आनंद जनक स्वरूप मिनरल्स एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी जबलपुर को SEIAA से प्राप्त हो चुकी है। इसकी प्रति वेबसाईट www.mpseiaa.nic.in पर उपलब्ध है। कृपया सूचनार्थ है।

भवदीय
श्री आनंद जनक स्वरूप मिनरल्स एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी
पार्टनर : सिद्धार्थ चोपड़ा

पश्चिम मध्य रेल

ई-टेण्डर नोटिस

विद्युत लोको शेड, नई कटनी जंक्शन

दिनांक: 03.07.2026

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, (कटनी) म.प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारो से निम्न कार्य हेतु सिंगल ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-एनकेजे/ टीआरएस/ टी/ 09/25 दिनांक 03.07.2026, **कार्य का नाम**- AMC एण्ड ब्रेकडाउन मेंटेनेंस ऑफ पिट लेस रोड ब्रिज (50 टन) एट ELS/NKJ इन्क्लुडिंग ऑल टैक्सेज/ड्यूटीस & ट्रांसपोर्टेशन फॉर पीरियड ऑफ 01 इयर। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में)**- 4,21,956.96/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रुपए में)**-Nill, **बयाना राशि (रूपये में)**-84,000/-, **कार्य समापन अवधि**- 12 माह, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**-30.07.2026 को 15:00 बजे तक। **टिप्पणी:** 1. निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वेबसाइट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मेन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/ टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प. म. रेल्वे के कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गयी है। 2. निविदाकारो से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है। 3. निविदा फॉर्म का मूल्य : निल, जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट। क्लाउस नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे।

(हस्ता.)
सहा. मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कलेक्ट्रेट में निर्बाध बिजली, पूरा नगर अंधेरे में!

आम जनता को भी राहत देने वैकल्पिक व्यवस्था की जाए

डिंडोरी, नवभारत 6 जुलाई। सोमवार सुबह से नगर के कई वार्डों में बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे आम नागरिकों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर, कलेक्ट्रेट परिसर में बिजली आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए अन्य क्षेत्र से सप्लाई की व्यवस्था किए जाने की चर्चा पूरे नगर में रही।

लोगों का कहना है कि जब पूरे नगर में घंटों बिजली गुल रही, तब प्रशासनिक कार्यालयों में निर्बाध बिजली व्यवस्था कैसे बनी रही, यह सवाल खड़ा करता है। नागरिकों का मानना है कि यदि ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था कलेक्ट्रेट के लिए संभव है, तो आम जनता को भी राहत देने के लिए समान प्रयास किए जाने चाहिए।

विद्युत विभाग पारदर्शी व्यवस्था अपनाए

स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली कटौती की स्थिति में पारदर्शी व्यवस्था अपनाई जाए तथा किसी एक क्षेत्र को प्राथमिकता देने के बजाय पूरे नगर के हितों को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

खेती कार्य के दौरान गई जान

घुघरी. घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम बनिया में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान अपने खेत में नागर से जुताई का कार्य कर रहा था। जानकारी के अनुसार ग्राम बनिया निवासी किसान तुलसीराम तिलगाम खेत में कृषि कार्य में जुटे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया और आकाशीय बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गए। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा प्रशासन को सूचना दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लापरवाही | पुलिया निर्माण लेवल में अनदेखी से खेतों में पानी भरने से डूबा धान का रोपा

झगरा रिंग रोड सीमा से दस फीट तक किसानों के खेत में बह गई मुरूम

बेलखाडू, नवभारत। बेलखाडू रिंग रोड झगरा के पास पाईंट नंबर-58 पर ठेकेदार की लापरवाही से पुलिया निर्माण की गई जिससे किसानों की लगी धान फसल का रोपा डूब गया एवं सीमा से दस फीट मुरूम बह कर खेत में आ गई जिससे किसानों को भारी नुकसान हो गया ।

बताया गया है कि रिग रोड निर्माण कार्य पश्चात साइड शोल्डर के लिए डाली गई मुरम भषक कर लगभग दस फिट तक खेतों में जा पहुंचीजिससे खेतों में धान का लगा रोपा दब कर नुकसान हो गया साथ ही खेत का रकवा भी कम हो गया। किसानों का कहना है कि प्वाइंट नंबर- 58 में रिंग रोड पर पानी निकासी के लिए पुलिया का निर्माण किया गया इसके निर्माण में अदूरदर्शिता के चलते निचले स्तर का निर्माण किया गया जिसका परिणाम यह हुआ कि अभी कुछ दिन से लगातार बारिश के चलते पुलिया के माध्यम से पानी सीधे खेतों में पहुंच रहा है। अनावश्यक पानी खेतों में भर जाने से लबालब स्थिति निर्मित हो गई। जिससे किसानों का कहना है कि धान के लगाए रोपा डूब कर नष्ट हो गए।

किसानों की यह है मांग

किसानों का कहना है कि यही हालात लगातार बने रहे तो खेती कार्य करना असंभव हो जाएगा। वातावरण खेती रकवा में डूब की स्थिति काफी बड़े क्षेत्र में निर्मित हो रही है। रिंग रोड से जुड़े अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से किसानों ने रिंग रोड साइड शोल्डर की मुरम को व्यवस्थित करने साथ ही पुलिया के निचले स्तर को शीघ्र उचित लेवल कर सुधारने की पुरजोर मांग की है। उपरोक्त जानकारी देते हुए किसान राजाराम पटेल, बल्लू पटेल, शिवप्रसाद पटेल, रोहित पटेल, शरन पटेल, इंदु पटेल ने मांग रखी है।किसानों का कहना है कि निर्माणकर्ता ठेकेदार शीघ्र पुलिया को लेवल कर एवं मुरूम को हटाने का कार्य करें जिससे समय पर फसल को नुकसान से बचाया जा सके। मांग पूरी नहीं होने पर किसान संगठन व्यापक उग्र आंदोलन करेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

//पष्टम निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	Tender ID-2026_UAD_519463_1	संभाग क्रमांक-02 कछपुरा मदनमहल वार्ड अंतर्गत गुप्ता होटल शक्ति नगर से मानव लोक सोसायटी रतन नगर में अधूरे नाले का निर्माण कार्य। (CM MONITA+)	03 माह	2000/-	24/07/2026
	PRO-368 Date- 06/07/2026		5.93 लाख	5933/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत(लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO- 366 Date-06/07/2026	संभाग क्र.07 नगर निगम जबलपुर दीवान आधार सिंह वार्ड 61 में सड़कों का डामरीकरण कार्य। (CM MONITA+)	06 माह	10,000/-	07/08/2026
	2026_UAD_518869_1		67.74	50806/-	
2	PRO- 366 Date-06/07/2026	संभाग क्र. 07 महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत पुष्पक नगर में प्रेम रैकवार के घर से यादव जी के घर तक योगेश पटेल के घर से रावत जी के सामने तक विशाल यादव के घर से विश्वकर्मा के घर तक नाली निर्माण कार्य।	04 माह	2,000/-	20/07/2026
	2026_UAD_518869_2		5.89	5900/-	
3	PRO- 366 Date-06/07/2026	संभाग क्र. 07 महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत जी.सी.एफ. कालोनी गुप्ता जी के घर से डॉ. वैश के घर तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य।	04 माह	2,000/-	20/07/2026
	2026_UAD_518869_3		4.20	4200/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर